श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी।।
राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु मिटै मोर संदेहू।।
भूमि सप्त सागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला।।
|| Ram Katha 969 - *मानस त्रिपति || Tirupati || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 165 | इंदौर, सोमवार 29 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● भावांतर राशि किसानों की समृद्धि के प्रति सरकार के संकल्प का है प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3.77 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों को अंतरित की 810 करोड़ रुपए भावांतर राशि

## प्रदेश के हर युवा को रोजगार दिलाएगी सरकार

● विकास का कारवां यूं हीं चलता रहेगा - हमने जो कहा, वो करके भी दिखाया

● जावरा में बनेगा आऊटडोर-इनडोर स्टेडियम, वन स्टॉप सेंटर भी बनाया जाएगा

● जावरा में हेरिटेज भवन निर्माण और स्कूल मरम्मत के लिए दिए जाएंगे 2-2 करोड़ रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर, केवल एक योजना नहीं किसानों के प्रति सरकार का श्रद्धाभाव है। भावांतर की राशि किसानों के अधिकार की राशि है। यह राशि किसानों की समृद्धि के प्रति सरकार के संकल्प का प्रतीक है। किसानों के कल्याण के लिए हम कभी भी पीछे नहीं रहेंगे। नए वर्ष 2026 को हमने अन्नदाताओं के कल्याण को ही समर्पित किया है। अगले वर्ष हम कृषि उत्सव मनाएंगे। किसान भाइयों की समृद्धि का उल्लास मनाएंगे। आधुनिक तरीके से खेती, कृषि विस्तार सेवाएं और नई-नई तकनीकों को हम गांव-गांव तक पहुंचाएंगे, जिससे किसान भाई अपनी खेती-किसानी को और बेहतर बनाने के लिए सही समय पर सही निर्णय ले सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। प्रदेश के विकास का यह कारवां कभी रूकेगा नहीं। हम विकास के प्रकाश से किसी को भी वंचित नहीं रहने देंगे। प्रदेश की प्रगति में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को अभी 1500 रुपए दिए जा रहे हैं, इस राशि को 3 हजार रूपये तक बढ़ाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जरूरतमंद और हुनरमंद युवा को हमारी सरकार रोजगार उपलब्ध कराएगी। प्रदेश के 32 लाख से अधिक किसानों को सरकार सोलर पम्प उपलब्ध कराएगी। सोलर पंप की कुल लागत पर हम किसानों को 90 प्रतिशत तक अनुदान भी देंगे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रतलाम जिले के जावरा में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत किसानों को भावांतर राशि वितरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 3.77 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों को 810 करोड़ रुपए की भावांतर राशि बैंकखातों में सिंगल क्लिक से अंतरित की। इसमें रतलाम जिले के 12 हजार 386 किसान भी शामिल हैं, जिनके खातों में 20.74 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से भेजे गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज की भावांतर राशि को मिलाकर हमारी सरकार अबतक प्रदेश के 6.25 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों को करीब 1300 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का भुगतान कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीब 145 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले 33 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर रतलाम जिलेवासियों को भी नये साल की अग्रिम सौगातें दीं। इसमें 18 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 127 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 21 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सभी विकास कार्य रतलाम जिले को सुंदर, स्वच्छ और नागरिक सुविधाओं के मामले में अव्वल बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मालवा के गांधी के नाम से प्रसिद्ध डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जीवनी पर केन्द्रित पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगी कृषि विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सम्मेलन में आए किसानों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर जावरा नगर में एक आधुनिक आऊटडोर-इनडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिलाओं के अल्प आश्रय के लिए जावरा में वन स्टॉप सेंटर बनाया जाएगा। जावरा में हेरिटेज भवन के निर्माण और एक बेहद पुराने जीर्ण-शीर्ण स्कूल की सम्पूर्ण मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री ने इन दोनों कार्यों के लिए 2-2 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी बेटियां भी पढ़ाई-लिखाई में किसी से पीछे नहीं रहेंगी। उन्होंने रतलाम जिले के ग्राम शुजापुर और ग्राम पिपलौदा में एक-एक नवीन बालिका छात्रावास भवन बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का लाभ रतलाम जिले को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय परियोजना से राजस्थान के 15 जिले और मध्यप्रदेश के मालवा और चंबल अंचल के 15 जिले (30 से अधिक जिले) कृषि सिंचाई की स्थायी सुविधा से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध पालन में भी वृहद स्तर पर वृद्धि करने की ओर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा क्षेत्र में करीब 5 हजार करोड़ रुपए लागत से एक नया आधुनिक फोर-लेन हाई-वे बनने जा रहा है। यह हाई-वे रतलाम जिले की सीमा से भी गुजरेगा। इस हाई-वे के निर्माण के लिए किसानों की सभी मांगे मानी जाएंगी। आवश्यकता हुई तो, भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा राशि भी बढ़ा दी जाएगी।

मेक्सिको में बड़ा रेल हादसा

## पटरी से उतरे ट्रेन के डिब्बे; 13 लोगों की मौत और 90+ घायल



**मेक्सिको, (एजेंसी)** मेक्सिको रेल हादसे में 13 लोगों की मौत और 98 लोगों के घायल होने की खबर है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखे पोस्ट में बताया कि नौसेना ने 13 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी राहत और बचाव कार्य एजेंसियों को मौके पर भेजा गया है। गवर्नर सोलोमन जारा को भी पीड़ित यात्रियों की हरसंभव मदद करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि इस रेल सेवा की शुरुआत साल 2023 में हुई थी और सरकार इसे रणनीतिक अहमियत के नजरिए से और विकसित कर रही है। सोशल मीडिया के साथ-साथ स्थानीय मीडिया में भी हादसे की विचलित करने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। एक्सहैंडल @pastormatias02 पर जारी वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल है। एक अन्य यूजर- @raulbrindis ने भी निजांडा शहर के पास हादसे का शिकार हुई ट्रेन की तस्वीरें साझा की हैं। राष्ट्रपति शिनबाम के निर्देश पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। ओक्साका के गवर्नर सोलोमन जारा ने बताया कि रेल हादसे का शिकार हुए 60 से अधिक यात्रियों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## मस्जिद में धमाके बाद मुस्लिम देश में हो गया सांप्रदायिक दंगा, मार डाले गए कई लोग



**सीरिया, (एजेंसी)** सीरिया के होम्स शहर में रविवार को धार्मिक अल्पसंख्यक अलवी समुदाय के प्रदर्शनकारियों और विरोधी पक्ष के बीच झड़पों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। होम्स शहर में एक अलवी मस्जिद में नमाज के दौरान हुए बम धमाके में आठ लोगों की मौत और 18 लोगों के घायल होने की घटना के दो दिन बाद ये झड़प हुईं। हजारों प्रदर्शनकारी लजीकिया, तरतूस और अन्य स्थानों पर एकत्र हुए थे। सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने खबर दी है कि तरतूस क्षेत्र में थाने पर हथगोला फेंके जाने से सुरक्षा बलों के दो सदस्य घायल हो गए। वहीं लजीकिया में सुरक्षा बलों की गाड़ियों में आग लगा दी गई। बाद में सरकारी समाचार एजेंसी सना ने खबर दी कि सुरक्षा बल का एक सदस्य गोलीबारी में मारा गया। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में तीन लोग मारे गए और 60 अन्य घायल हुए।

## ऋषिकेश में सर्वे से इतना क्यों भड़की भीड़? पथराव कर पुलिस को दौड़ाया, सड़क-रेलवे सब जाम

**ऋषिकेश।** दो दिन से ऋषिकेश के आबादी क्षेत्र में चल रही वनभूमि के सर्वे की कार्रवाई में रविवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा अचानक भड़क गया। गुस्साई भीड़ मनसा देवी तिराहे पर हरिद्वार-ऋषिकेश रेलवे ट्रैक पर जाम लगाने पहुंचे। ट्रेनें रुकी, तो पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे। चार घंटे तक ट्रैक जाम हुआ, तो पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों से वार्ता कर ट्रैक हटने का आग्रह किया। बातचीत में अचानक जबरदस्ती हुई, तो भीड़ से पुलिसकर्मियों पर पत्थर चल गया। अफरा-तफरी के बीच अचानक ताबड़तोड़ पत्थरबाजी होते ही पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ के जवान जान बचाने के लिए दौड़ पड़े। पत्थरबाजों ने पुलिस को रेलवे ट्रैक से खदेड़ते हुए हरिद्वार-ऋषिकेश हाईवे तक पहुंचा दिया।

# मुख्यमंत्री इंदौर के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में हुए शामिल

## सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम :डॉ. यादव

### ● सोलह संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार का है विशेष महत्व



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार का विशेष महत्व है। यह संस्कार ही परिवार परंपरा की निरंतरता का आधार बनता है। पाणिग्रहण संस्कार का संतों के सानिध्य और सामूहिक विवाह के आनंद के साथ संपन्न होना विशेष संयोग और सौभाग्य का प्रतीक है। सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक विभेद और फिजूल खर्ची जैसी बुराइयों की जगह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम हैं। समाज में सभी को ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने में अपना योगदान देना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने डॉक्टर बेटे का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में ही किया। बिना ऊंच-नीच और जात-पात के भेद के होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों का आनंद अद्भुत है। उन्होंने कहा कि हम विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में फिजूल खर्चों को रोककर अपनी बचत और संसाधनों का उपयोग बच्चों को पढ़ाने-लिखाने और परिवार की बेहतरी में करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प वर्षा कर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना के साथ ईश्वर से नव विवाहितों को वैभव, यश, कीर्ति, और आनंद प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव विवाहित जोड़ों से माता-पिता की सेवा करने और समाज के कल्याण में योगदान देने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने समारोह में नव विवाहित जोड़ों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समारोह में कथा वाचक उत्तम स्वामी जी ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी सामूहिक विवाह कार्यक्रमों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से फिजूलखर्ची रूकती है और समाज में एक अच्छा संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने बेटे का विवाह सामूहिक आयोजन में कर पूरे प्रदेश में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक एवं श्री हेमंत खंडेलवाल सहित श्री हितानंद शर्मा और बड़ी संख्या में नव विवाहित जोड़ों के परिजन उपस्थित रहे।

## पीएम श्री मोदी ने देश के नागरिकों से बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएँ न लेने का आहवान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात के 129वें संस्करण को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर जिले के शिप्रा में श्रवण किया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 2025 में अंतरिक्ष यात्री श्री सुभांशु शुक्ला की सफल वापसी, भारत द्वारा सिन्दूर ऑपरेशन, पुरूष और महिला क्रिकेट टीम द्वारा खिताबी जीत तथा दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम का चैम्पियन बनना प्रमुख घटनाएं रही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आगे कहा कि अगले वर्ष 26 जनवरी 2026 को भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनायेंगा। हम अपनी विरासत को नहीं भूले। उन्होंने आगे कहा कि देश के नागरिक बिना चिकित्सकीय सलाह के एन्टिबॉयोटिक दवाइयों का सेवन न करें। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र शिप्रा में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, वरिष्ठ विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, सांसद श्री शंकर लालवानी, श्री हितानंद शर्मा, श्री रायसिंह सेंधव, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्र, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित नागरिक मौजूद रहे।

## हर रविवार जोनवार होगी सफाई मित्रों के साथ पोहा पार्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में इंदौर को लगातार अग्रणी भूमिका की ओर ज्यादा सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सफाई मित्रों के साथ चाय-पोहा पर चर्चा की। महापौर जोन क्रमांक 15 में आने वाले फूटी कोठी ब्रिज के पास पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई मित्रों के साथ मुलाकात की और सफाई को लेकर चर्चा की।**



उन्होंने सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता व्यवस्था, जमीनी चुनौतियों और सुधार के सुझावों पर विस्तार से बातचीत की। महापौर ने महिला सफाई मित्रों से कहा कि फिर स्वच्छ सर्वेक्षण आने वाला है। हम सबको फिर से मिलकर लगना है, क्या आप सभी तैयार हैं, इस पर महिला सफाई मित्रों ने कहा कि हम सभी तैयार भी है और इंदौर का स्वच्छता में सिरमौर बने रहना सुनिश्चित भी है। महापौर ने सफाई मित्रों को इंदौर शहर की स्वच्छता में उनकी अहम भूमिका के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि मैं हर रविवार को शहर के एक-एक जोन में सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता पर संवाद और सफाई मित्रों के साथ ही पोहा चाय पार्टी करुंगा। महापौर भार्गव ने कहा कि, सफाई मित्रों में समर्पण, मेहनत और अनुशासन के कारण ही इंदौर लगातार देश में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने सफाई मित्रों से स्वच्छता कामों को और प्रभावी बनाने के लिए अपने अनुभव साझा करने को कहा और आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। इस दौरान महापौर के साथ महापौर प्रतिनिधि भारत पारख, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई सहित कई सफाई मित्र मौजूद रहे। उन्होंने सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छ इंदौर के संकल्प को दोहराया।

## ट्रक की टक्कर से कार का टायर फटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में शनिवार रात एक ट्रक की टक्कर से कार का टायर फट गया। हादसे में कार चालक और उसका परिवार बाल-बाल बच गया। पुलिस ने वंदना नगर निवासी अशोक शुक्ला की शिकायत पर ट्रक क्रमांक CG 04 NM 7361 के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। अशोक शुक्ला ने बताया कि वह चंद्रगुप्त चौराहे की ओर से एमआर-10 की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जोरदार धमाके के साथ कार का टायर फट गया और कार डिवाइडर की ओर बढ़ गई, लेकिन बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुल जाने से किसी को कोई चोट नहीं आई।

# सरकार से की पेड़ नहीं काटने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मेट्रो स्टेशन के लिए काटे जाने वाले पेड़ों को बचाने के लिए रविवार को पुराने एसपी ऑफिस परिसर में जनहित पार्टी का कार्यक्रम हुआ।**

इसके कार्यकर्ताओं ने सपरिवार बच्चों सहित आकर परिसर के सभी पेड़ों की गिनती की और उनका पूरा पंचनामा बनाया। इसमें पेड़ों की प्रजाति, उनकी लंबाई, चौड़ाई का विवरण दर्ज किया गया। साथ ही नंबर लिखी हुई तख्तियां लगाईं, जिस पर लिखा था 'मैं तुम्हें जीवन देता हूं तुम मुझे ही काटोगे।' इस दौरान कुल 217 पेड़ों की गिनती हुई। अभी भी कुछ पेड़ का पंचनामा रह गया है। यह पूरा पंचनामा बनाकर अब अगले चरण में कमिश्नर को



दिया जाएगा। साथ ही इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, कलेक्टर नगरीय प्रशासन मंत्री और को भी दी जाएगी। सरकार से यही मांग रखी जाएगी की किसी भी परिस्थिति में विकास के नाम पर शहर के मध्य में स्थित इन हरे भरे पेड़ों को ना काटा जाए । कार्यकर्ताओं ने सरकार को संदेश दिया है कि शहर में बहुत हुआ पेड़ों का संहार, अब तो जनता पर रहम करो सरकार। उन्होंने तख्तियां लेकर पेड़ों को बचाने का संदेश दिया। इस दौरान महिलाओं ने पेड़ों की पूजा की। उन्हें हार-फूल अर्पण कर उनके लंबे जीवन की कामना की। उनका मानना है कि सालों पुराने इन पेड़ों ने कई पीढ़ियों को जीवन दिया है। शहर के मध्य ये पेड़ आज भी शुद्ध प्राणवायु देते हैं। ऐसे में इन्हें काटा नहीं जाना चाहिए।

# बिना अनुमति शराब परोसने और तेज म्यूजिक पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नए साल की तैयारियों के बीच आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात शहर के ढाबों और होटलों में सर्चिंग अभियान चलाया। कलेक्टर और कमिश्नर के आदेशों के अनुसार गाइडलाइन का पालन करते हुए आबकारी विभाग ने विशेष चेकिंग की।**



आबकारी कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी की टीम ने शहर के अंदर और बाहरी इलाकों में गिल ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, मां भवानी ढाबा, हाईवे टच ढाबा, लालटेन ढाबा, शिकार वाड़ ढाबा, 8 PM ढाबा, न्यू सीटिंग जोन ढाबा और कैंडल्स ढाबा सहित अन्य ढाबों पर कार्रवाई की। आबकारी अधिकारियों ने अनुमति के बिना शराब पीने और परोसने के मामलों में लगभग 24 मामले दर्ज किए। इसके अलावा टीम ने ढाबों से अवैध शराब जब्त की। राउ पुलिस ने एबी रोड पर स्थित क्रश कैफे और रेस्टोरेंट पर देर रात कार्रवाई की। पुलिस ने पाया कि कैफे देर रात तक खुला था। मामले में जानकारी मांगने पर संचालक पीयुष पुत्र श्रीकांत त्रिपाठी ने कोई जवाब नहीं दिया और कर्मचारियों की भी जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने इस संबंध में प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की। लसूडिया पुलिस ने द हब में बने एफ बार बाय फेशन टीवी में तेज म्यूजिक बजाने के आरोप में मैनेजर अंकुश यादव, निवासी मानवता नगर के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की।

# ट्रैफिक सिग्नल से टकराई यात्री बस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक यात्री बस सिग्नल से टकरा गई। हालांकि हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। घटना विजयनगर क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 5:30 बजे हुई। उदयपुर से भोपाल जा रही अशोक ट्रैवल्स की एसी स्लीपर बस ट्रैफिक सिग्नल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैफिक सिग्नल टूटकर गिर गया, जबकि बस को भी नुकसान पहुंचा। बस में करीब 35 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं।**



पुलिस के मुताबिक अशोक ट्रैवल्स की बस क्रमांक MP 14 ZF 9954 रसोमा चौराहे से विजय नगर की ओर आ रही थी। बस की रफ्तार कम थी। बस चालक प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि सड़क के बीच में सिग्नल होने के कारण उन्हें भ्रम हो गया। बीआरटीएस हटने के बाद अचानक बदले ट्रैफिक पैटर्न के चलते वह स्थिति को समय पर समझ नहीं पाए, जिससे हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर गश्त कर रहे पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। इस हादसे में ट्रैफिक सिग्नल और बस दोनों को नुकसान हुआ है।

# इंदौर-उज्जैन के बीच चलेगी वंदे भारत मेट्रो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। उज्जैन सिंहस्थ-2028 को देखते हुए केंद्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इंदौर से उज्जैन के बीच वंदे भारत मेट्रो चलाने की तैयारी कर रही है। यह ट्रेन मौजूदा रेलवे ट्रैक पर ही चलेगी। इसके लिए अलग से नया ट्रैक बिछाने की आवश्यकता नहीं होगी।**



यह ट्रेन इंदौर से उज्जैन के बीच में 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। खास बात यह है कि वंदे भारत मेट्रो को शटल सेवा के रूप में इंदौर-उज्जैन रूट पर चलाया जाएगा। बता दें कि रेलवे पहले ही इस मार्ग पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैक का सफल ट्रायल कर चुका है। इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि आगामी सिंहस्थ में यात्रियों के बढ़ते दबाव को देखते हुए रेल विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। इंदौर, उज्जैन और आसपास के स्टेशनों से 300 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इंदौर और उज्जैन के बीच शटल सेवा के रूप में वंदे भारत मेट्रो चलाई जाएगी। सांसद लालवानी ने बताया कि वंदे भारत मेट्रो वर्तमान रेलवे ट्रैक पर ही चलेगी। आमतौर पर मेट्रो के लिए अलग ट्रैक की जरूरत होती है, लेकिन इस सेवा के लिए नया ट्रैक बिछाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### पत्नी की मौत के बाद

# कालका माता मंदिर के पुजारी पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजय नगर स्थित कालका माता मंदिर के पुजारी के खिलाफ पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आखिरकार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। यह कार्रवाई मृतका के मायके पक्ष के बयान दर्ज होने के बाद की गई है।**



विजयनगर पुलिस ने 21 वर्षीय तमन्ना यादव की मौत के मामले में उसके पति राहुल यादव, निवासी रसोमा लैबोरेटरी के पास, कालका माता मंदिर के पुजारी, के खिलाफ प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में केस दर्ज किया है। तमन्ना की मौत 15 नवंबर 2025 को हुई थी। जांच में सामने आया कि तमन्ना को उसके पति राहुल लसूडिया क्षेत्र स्थित विवेक मेमोरियल अस्पताल लेकर पहुंचा था, जहां उसने तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी थी। हालांकि, मौत के बाद जब पोस्टमॉर्टम कराया गया तो शरीर में जहर की पुष्टि हुई। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि तमन्ना और राहुल की शादी 2 दिसंबर 2024 को पारिवारिक सहमति से हुई थी, लेकिन शादी के बाद दोनों के बीच लगातार विवाद होता रहता था। आरोप है कि राहुल आए दिन किसी न किसी बात को लेकर तमन्ना को प्रताड़ित करता था, जिससे परेशान होकर उसने जहर खा लिया। यह भी सामने आया है कि राहुल ने तमन्ना द्वारा जहर खाने की जानकारी पुलिस से छिपाई थी। शुरुआत में मामला लसूडिया पुलिस के पास पहुंचा था, लेकिन बाद में घटनास्थल विजयनगर क्षेत्र का होने पर केस विजयनगर पुलिस को स्थानांतरित किया गया। राहुल विजयनगर चौराहे पर स्थित काली माता मंदिर में पुजारी का कार्य करता है और उसका परिवार भी इसी मंदिर से जुड़ा हुआ है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।



# मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का रिश्ता भौगोलिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और साझी विरासत का है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर के शताब्दी समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री फडणवीस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच का संबंध केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संत परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और समाज सुधार की साझी विरासत से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर में महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी वर्ष समारोह को इंदौर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह और परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



### शिक्षा के क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 1926 में स्थापित इस संस्था ने आजादी से पहले और बाद में शिक्षा के क्षेत्र में महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों के आधार पर बाजीराव पेशवा, शिंदे, होलकर और गायकवाड़ राजवंशों ने मध्यप्रदेश के विकास और संस्कृति के संरक्षण में अहम योगदान दिया है।

### नई शिक्षा नीति और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की नई शिक्षा नीति को लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्यों में से एक है। प्रदेश सरकार ने 55 जिलों में 'पीएम एक्सीलेंस कॉलेज' प्रारंभ किए हैं। साथ ही, पाठ्यक्रमों में लोकनायकों और जननायकों की जीवनियों को शामिल किया गया है, जिससे युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि सरकार ने खरगोन में टंट्या मामा विश्वविद्यालय, गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय और ग्वालियर में रानी अवंतिबाई विश्वविद्यालय शुरू किये हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना होगा : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि अब केवल इतिहास पर गर्व करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना होगा। श्री फडणवीस ने कहा कि यदि महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर में मराठी भाषा सिखाने के लिए कोई नया उपक्रम या कोर्स शुरू करता है, तो महाराष्ट्र सरकार उसके लिए आवश्यक निधि और पूरा सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा, यहां तक कि मेडिकल और इंजीनियरिंग में भी मातृभाषा को प्राथमिकता दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' के साथ 'स्वधर्म' और 'स्वभाषा' का नारा दिया था। उन्होंने पानीपत के युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि मराठों ने केवल अपने साम्राज्य के लिए नहीं, बल्कि समूचे भारत की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि मराठी व्यक्ति कभी संकुचित विचार नहीं रखता बल्कि उसका दृष्टिकोण हमेशा राष्ट्रव्यापी और वैश्विक होता है।

उन्होंने संस्था को भविष्य के लिए आगाह करते हुए कहा कि हमने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कम्युनिकेशन का दौर देखा है, लेकिन अब दुनिया 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की लहर की ओर बढ़ रही है। इसका शिक्षा क्षेत्र पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे अगले 25 से 50 वर्षों की योजना बनाएं और विद्यार्थियों को एआई की चुनौतियों के लिए तैयार करें।

श्री फडणवीस ने प्रधानमंत्री के मंत्र 'विकास भी और विरासत भी' का उल्लेख करते हुए कहा कि वही समाज आगे बढ़ता है, जिसे अपनी विरासत पर गर्व होता है। उन्होंने प्रशांत पाल द्वारा लिखित पुस्तकों का जिक्र करते हुए कहा कि अब भारत का सच्चा इतिहास साक्ष्यों के साथ सामने आ रहा है, जो पुरानी भ्रांतियों को तोड़ रहा है। श्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की व्यस्तता के बावजूद वे इस कार्यक्रम में शामिल हुए, क्योंकि जहां महाराष्ट्र का नाम और शिक्षण का विषय जुड़ा हो, वहां वे आए बिना नहीं रह सकते। कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

### जबलपुर के विकास की रूपरेखा में श्री फडणवीस का विजनरी योगदानः लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के विकास के वर्तमान स्वरूप की नींव रखने में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस की अहम भूमिका रही है। उन्होंने श्री फडणवीस को एक 'विजनरी' नेता बताया। उन्होंने एक पुराना संस्मरण साझा करते हुए बताया कि जब श्री फडणवीस विधायक थे, तब उन्होंने जबलपुर प्रवास के दौरान देर रात 'बड़ा फुहारा' और 'छोटा फुहारा' जैसी घनी बस्तियों का दौरा किया था। उस समय उन्होंने कहा था कि इच्छाशक्ति हो तो जबलपुर तेजी से आगे बढ़ सकता है। उनके द्वारा सुझाए गए बिंदुओं पर ही शहर के विकास की रूपरेखा तैयार की गई। मंत्री श्री सिंह ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश में अधोसंरचना विकास के लिए वे महाराष्ट्र के नवाचारों का अनुसरण करेंगे और वहां के 'इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉडल' का अध्ययन करेंगे।

### स्थानीय भाषा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह

परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने अपने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं इस विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और यहां उन्होंने 4 महीने तक शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि 40-42 साल पहले जबलपुर में अच्छी शिक्षा के लिए महाराष्ट्र हाई स्कूल, क्राइस्ट चर्च और मॉडल स्कूल जैसे कुछ ही प्रतिष्ठित संस्थान थे। उन्होंने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि अब स्थानीय भाषाओं और भारतीय संस्कृति, जैसे रामायण और गीता को भी शिक्षण पद्धति में शामिल किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

समारोह में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे, श्री नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकुज विज, वरिष्ठ समाज सेवी व चिंतक श्री प्रशांत पाल, श्री अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रख्यात चिकित्सक डॉ. जामदार सहित महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के पदाधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# लोडिंग वाहन से नमकीन का स्टॉक चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामकृष्ण नगर में चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहां वरदान अस्पताल के सामने खड़े एक लोडिंग वाहन से चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपए का माल पार कर दिया।

एजेंसी मालिक नितेश कोठारी के अनुसार, घटना 26 दिसंबर 2025 की रात की है। गोदाम के पास वाहन क्रमांक MP-45-ZG-4209 खड़ा हुआ था। चोरों ने पहली बार रात करीब 9:30 बजे वाहन का ताला तोड़ा और नमकीन की पेटियां लेकर फरार हो गए। इसके बाद बदमाशों ने दोबारा रात 11:45 बजे आकर बचा हुआ सामान भी चोरी कर लिया। इस पूरी घटना में लगभग 9,000 रुपए का माल चोरी हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अलग-अलग वाहनों का उपयोग करते हुए नजर आ रहे हैं। इस क्षेत्र में वाहनों से सामान चोरी होने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 20 दिसंबर 2025 को भी एक अन्य वाहन ( MP-45-LA-0175 ) से करीब 13,000 रुपए का माल चोरी हुआ था। लगातार हो रही इन वारदातों से तंग आकर एजेंसी मालिक पंकज ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# ईरानी डेरे में पुलिस की पिटाई, पथराव के बाद लाठीचार्ज, 10 महिलाओं समेत 34 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की राजधानी के निशातपुरा इलाके में रविवार समय हड़कंप मच गया जब हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। अमन कॉलोनी स्थित ईरानी डेरे में हुई इस झड़प में महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर पुलिस का रास्ता रोका और जवानों के साथ झूमाझटकी की। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़ा और 10 महिलाओं समेत कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।**



पुलिस को सूचना मिली थी कि ईरानी डेरे के युवक शहर और आसपास के जिलों में ठगी, चेन स्नेचिंग और मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। रविवार सुबह करीब 150 पुलिसकर्मियों की टीम हिस्ट्रीशीटर राजू को दबोचने पहुंची थी। जैसे ही पुलिस ने घरों की तलाशी शुरू की, वहां मौजूद महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया और पुलिस के सामने खड़ी हो गईं। जल्द ही पुरुष भी शामिल हो गए और पुलिस पर पथराव व झूमाझटकी शुरू कर दी।

पुलिस ने सख्ती बरतते हुए बलवा करने वालों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान बदमाश काला ईरानी के घर से एक नकली पिस्तौल बरामद हुई है। आरोपी ने कबूला कि वह नकली पुलिसकर्मी बनकर लोगों को डराने और ठगी करने के लिए इसका इस्तेमाल करता था। कार्रवाई में पुलिस ने 51 मोबाइल और 21 दोपहिया वाहन भी जब्त किए हैं।

पकड़े गए सभी 34 आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए निशातपुरा इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और वरिष्ठ अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं। पुलिस अब जब्त किए गए वाहनों और मोबाइल के जरिए अन्य वारदातों का सुराग लगाने में जुटी है।

## चलती बाइक में ब्लास्ट, उड़े, मौत

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में चलती बाइक में ब्लास्ट हो गया। युवक के दोनों पैरों के चीथड़े उड़ गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना रविवार सुबह को इछावर-आष्टा रोड पर रामनगर गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, जमली निवासी सुखराम बरेला (30) कुओं में ब्लास्टिंग का काम करता था। रविवार सुबह वह बाइक (MP37 MN 4489) से भारी मात्रा में डेटोनेटर अपने साथ लेकर रामनगर जा रहा था। हादसे के बाद घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक और गंभीर घायल युवक को देखकर ग्रामीणों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## बेटी के सामने पत्नी की हत्या कर दी

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल में खाना नहीं बनाने को लेकर हुए झगड़े में एक शख्स ने बेटी के सामने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने सात दिन बाद आरोपी पति दिनेश सिंह गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गोहपारू थाना क्षेत्र के बरहा गांव की है। पुलिस के मुताबिक, 21 दिसंबर को आरोपी पति खुद थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी शांति बाई (35) बीमार थी। अचानक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और मौके पर जाकर जांच की। मौके पर महिला के शरीर पर कई चोट के निशान पाए गए, जिससे पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। डॉक्टरों की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मौत बीमारी से नहीं, बल्कि गंभीर चोटों के कारण हुई है। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आज आरोपी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की।

## संपादकीय

### हादी हत्याकांड और भारत का नाम: क्या चुनावी फायदे के लिए बुना जा रहा है झूठ का जाल?

बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने हैं। उससे पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हर कीमत पर बांग्लादेश चुनाव का रुख भारत विरोधी करके सियासी रोटी सेंकने के चक्कर में लगे हैं। लेकिन मोहम्मद यूनुस को हर बार 'मुंह की खानी' पड़ रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की अनदेखी करने वाले मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदू विरोधी लहर बनाने का एक नया तरीका निकालने की कोशिश की, लेकिन उसमें भी फेल हो गए है। दरअसल बांग्लादेश ने दावा किया है कि उनके कट्टरपंथी नेता उस्मान हादी की हत्या के दो मुख्य संदिग्ध पड़ोसी भारत के मेघालय में शरण लिए हुए हैं। इस दावे पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण' बताया है। बांग्लादेश पुलिस का कहना है कि ये संदिग्ध स्थानीय लोगों की मदद से भारत में घुसे हैं, जबकि भारतीय एजेंसियां सीमा पर कड़ी निगरानी का दावा कर रही हैं। यह घटनाक्रम बांग्लादेश में आगामी चुनावों और वहां की राजनीतिक अस्थिरता के बीच सामने आया है। मेघालय फ्रंटियर, बीएसएफ (BSF) इंस्पेक्टर जनरल ओम प्रकाश उपाध्याय ने बांग्लादेश के दावों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जो यह बताता हो कि बांग्लादेश के मयमनसिंह से मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर आया हो। उपाध्याय ने बताया कि बीएसएफ (BSF) को ऐसी किसी घटना का पता नहीं चला है और न ही ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगातार निगरानी रखी जाती है और अवैध घुसपैठ के किसी भी प्रयास का तुरंत पता लगाकर उससे निपटा जाएगा।मेघालय की डीजीपी इदाशिशा नोंगरांग ने कहा कि बांग्लादेश से 32 वर्षीय हादी की हत्या के बारे में जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे बेबुनियाद हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद देश लौट आए हैं। रहमान की वापसी बांग्लादेश की राजनीति में एक बड़ा मोड़ है। दरअसल रहमान की वापसी ऐसे समय में हो रही है जब देश में राजनीतिक अस्थिरता और विरोध-प्रदर्शन की एक नई लहर है। उधर खालिदा जिया के बेटे की वतन वापसी ने मोहम्मद यूनुस और कट्टरपंथी गुटों की हालत खराब कर दी है। दरअसल मोहम्मद यूनुस को अच्छे मालूम है कि खालिदा जिया के भारत और पीएम मोदी से अच्छे संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बेगम खालिदा जिया के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने भारत की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया था। भारत सरकार की नजरें बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) के तारिक रहमान पर टिकी हैं। वे बांग्लादेश में एक ऐसी सरकार के गठन में अहम भूमिका निभा सकते हैं जिसे जनता ने चुना हो। यह भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण समीकरण है। तारिक रहमान की मौजूदगी से क्षेत्रीय संतुलन बना रहेगा। बांग्लादेश में भारत विरोधी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से पूरे बांग्लादेश में तनाव का माहौल है। अब तक हादी के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। हादी की मौत के बाद बांग्लादेश की राजधानी ढाका और अन्य शहरों में हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने कई इलाकों में भारी आगजनी हुई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को कोशिश है कि इस मामले को भारत पर डालकर जनता की सहानुभूती बटोरी जाए। यही कारण है कि अब बांग्लादेश झूठे दावे कर रहा है कि हादी के हत्यारे भारत में हैं।

सैर सपाटा

# प्रयागराज कुंभ मेला 2026

## 3 जनवरी से लग रहा है कुंभ, जानें कैसे पहुंचे संगम और क्या सावधानी बरतें



भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं में माघ मेला का खास महत्व है। इस स्नान को पापों से मुक्ति दिलाने और मरने के बाद मोक्ष की प्राप्ति मिलना माना जाता है। प्रयागराज जिसे संगम की नगरी भी कहते हैं, वहां साल 2025 में महाकुंभ लगा हुआ था, जिसमें लाखों लोगों ने स्नान किया। अब साल 2026 शुरू हो रहा है और नए साल की शुरुआत में ही कुंभ मेला लग रहा है। जी हां, 3 जनवरी से कुंभ का आरंभ हो रहा है। लोगों ने अभी से ही कुंभ मेले पर जाने की पूरी तैयारी कर ली है, अगर आप भी कुंभ का स्नान करना चाहते हैं, तो हम आपको सभी खास डेट्स और आने-जाने के बारे में पूरी डिटेल्स देने जा रहे हैं।

### कहां लगता है

**माघ मेला का मुख्य स्रोत है संगत, जहां पर गंगा, जमुना, सरस्वती नदियों का मिलन होता है। कहा जाता है कि ये नदियां अमृत सी पवित्र है क्योंकि समुद्र मंथन के दौरान अमृत के कलश से गिरी एक बूंद प्रयागराज में भी गिरी थी। तभी से हर 12 साल पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। यहां पर सुबह की शुरुआत धार्मिक मंत्रों से होती है और शाम दीपों की जगमगाहट के साथ खत्म हो जाती है। 3 जनवरी से 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक माघ मेला का आयोजन होगा। इस दौरान 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा का पहला स्नान, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी और 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा का स्नान पर्व होगा। फिर 15 फरवरी को छठें और आखिरी स्नान पर्व के साथ कुंभ का समापन हो जाएगा।**

### कैसे जाएं

प्रयागराज जाना है, तो कार ट्रिप प्लान कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रेन का साधन सबसे अच्छा है। कुंभ के कारण अभी कई स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। ट्रेन के अलावा बस का साधन भी आप ले सकते हैं। कानपुर, लखनऊ, हरदोई, महोबा, झांसी जैसे शहरों से आप बस से आ सकते हैं। वैसे इन जगहों से ट्रेनें भी चलती हैं। प्रयागराज पहुंचकर लोकल साधन लें, उससे आप आसानी से पहुंच सकेंगे। कई बार प्राइवेट कैब या टैक्सी को अंदर तक जाने की परमिशन नहीं होती है।

### कैसे करें तैयारी

संगम स्नान करने जा रहे हैं, तो बैग हल्का ही रखें मतलब सामान कम से कम रखें। सर्दी का मौसम है तो ऊनी कपड़े अच्छे से पहन लें और एक जोड़ी अलग ऊनी कपड़े रख भी लें। इसके अलावा कुछ खाने-पीने का सामान और अपने जरूरी दस्तावेजों की फोटोकॉपी साथ में रखें।

### किस समय जाएं

संगम नहाने के लिए सबसे अच्छा समय सुबह का माना जाता है और इस वक्त भीड़ भी कम होती है। सुबह 10 बजे के बाद लोगों की भीड़ उमड़ती है और फिर ये शाम तक बनी रहती है। आप संगम के किनारे टेंट लगा सकते हैं या फिर वहां बनें आश्रय निवास में जगह ले सकते हैं। प्रयागराज में आपको खुद के सामान का खास ख्याल रखना पड़ेगा और ध्यान रखें कि आपके किसी भी काम या बात से किसी के भी धर्म-भावना को ठेस न पहुंचे। आप 1-2 दिन की ट्रिप बनाएं और संगम का आनंद लें।

Andhra Pradesh

# टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग, एक की मौत, दो कोच पूरी तरह जले, आंध्र प्रदेश में भीषण हादसा

**विजयवाड़, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेशमें एक बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। तड़के अनाकापल्ली जिले के यलमंचिली रेलवे स्टेशन पर एर्नाकुलम एक्सप्रेस में भीषण आग लग गई। इस आग में एक 70 वर्षीय व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। लोको पायलट ने आग की लपटें देखीं और ट्रेन को स्टेशन पर रोक दिया। आग बी1 कोच में लगी, जिसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने बाकी कोचों को ट्रेन से अलग कर दिया। यलमंचिली स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही यात्री दहशत में भागने लगे। बताया जा रहा है कि ट्रेन जमशेदपुर से केरल जा रही थी, तभी रास्ते में हादसा हुआ।



ट्रेन टाटानगर से एर्नाकुलम जा रही थी, तभी लोको पायलट ने यलमंचिली रेलवे स्टेशन के पास आग देखी।

एम1 और बी2 कोच आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, रेलवे अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

कोच से 158 यात्री निकाले गए

चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। गृह मंत्री वी अनीता ने घटना का जायजा लिया और अधिकारियों को तत्काल और उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। एसपी तुहिन सिन्हा के अनुसार, एक कोच में सवार सभी 82 यात्रियों और दूसरे कोच में सवार 76 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

इधर खड़ी ट्रेन धू-धूकर जल रही थी, जिसने भी इन

Tamil Nadu

## मध्यप्रदेश से रोजी-रोटी कमाने गए मजदूर के साथ बर्बरता, नाबालिगों ने किया हमला; वीडियो भी बनाया

**तिरुवल्लूर, (एजेंसी)** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मध्य प्रदेश से रोजी-रोटी कमाने आए एक प्रवासी मजदूर पर चार नाबालिगों ने बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है और अस्पताल में जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा है। पीड़ित मजदूर की पहचान सिराज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह एक चलती ट्रेन में सफर कर रहा था, तभी चार नाबालिगों ने उसे घेर लिया। उनके हाथों में धारदार हथियार थे। पहले उसे डराया-धमकाया गया और इस पूरी हरकत का वीडियो भी बनाया गया। डर का यह खेल जल्द ही हिंसा में बदल गया।

इसके बाद सिराज को जबरन रेलवे स्टेशन के पास एक सुनसान जगह पर ले जाया गया, जहां उस पर कई बार हमला किया गया। हमलावरों ने इस अमानवीय कृत्य को भी मोबाइल में रिकॉर्ड किया। हैरानी की बात यह है कि हमले के बाद एक नाबालिग वीडियो में जीत का इशारा करता नजर आता है।

जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, तो लोगों में गुस्सा और दुख दोनों फैल गया। हर कोई यह सवाल कर रहा है कि आखिर एक मेहनतकश मजदूर के साथ इतनी क्रूरता क्यों? फिलहाल सिराज को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

दूसरी ओर पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान की जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यह घटना न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि समाज की संवेदनाओं को भी झकझोर देती है।

New Delhi

## एंटीबायोटिक दवाओं को लेकर पीएम मोदी ने दी चेतावनी, अंधाधुंध इस्तेमाल को लेकर लोगों से किया ये आग्रह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को एंटीबायोटिक प्रतिरोध के मुद्दे को उठाते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे डॉक्टर से परामर्श किए बिना ऐसी दवाएं न लें। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कहा गया है कि निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक अप्रभावी साबित हो रही हैं। यह हम सभी के लिए बहुत चिंता का विषय है। पीएम मोदी ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, इसका एक बड़ा कारण लोगों द्वारा बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन है। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक दवाएं ऐसी दवाएं नहीं हैं, जिन्हें बिना सोचे-समझे लिया जा सके। पीएम ने आगे कहा कि इन दवाओं का उपयोग केवल डॉक्टर की सलाह पर ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आजकल लोग ये मानने लगे हैं कि बस एक गोली ले लो, हर तकलीफ दूर हो जाएगी। यही वजह है कि बीमारियां और संक्रमण इन एंटीबायोटिक दवाओं पर भारी पड़ रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कृपया अपनी मनमर्जी से दवाओं का इस्तेमाल करने से बचें। एंटीबायोटिक दवाओं के मामले में तो इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।'

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में ED का एक्शन, भारतमाला प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण घोटाले में छापामारी

**रायपुर, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर छापामारी की है। यह कार्रवाई रायपुर से विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) तक भारतमाला परियोजना के तहत आर्थिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण में मुआवजे के भुगतान में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राजधानी रायपुर और महासमुंद जिले में कम से कम नौ परिसरों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जांच का संबंध भारतमाला परियोजना के रायपुर-विशाखापट्टनम खंड में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे में गड़बड़ी से जुड़ा है।

भारतमाला परियोजना के तहत देश में करीब 26,000 किलोमीटर आर्थिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जो माल ढुलाई के लिए महत्वपूर्ण



हैं। इस प्रोजेक्ट में पहले से ही छत्तीसगढ़ में कई अनियमितताओं की जांच चल रही है, जिसमें करोड़ों रुपये के मुआवजे में घोटाले के आरोप लगे हैं।

ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े प्रावधानों के तहत की गई है। जांच में शामिल लोगों के ठिकानों पर दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और अन्य सबूत तलाशे जा रहे हैं।

खेल

# भारतीय महिला टीम ने 30 रन से जीता चौथा टी20 श्रीलंका के खिलाफ 4-0 से हासिल की बढ़त

तिरुवनंतपुरम। भारत ने चौथे टी20 में श्रीलंका को 30 रन से हरा दिया। रविवार को तिरुवनंतपरम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर 191 रन बना सकी। उनके लिए कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। भारत के लिए अरुंधति रेड्डी और वैष्णवी शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि श्री चरणी ने एक सफलता हासिल की।

### भारत ने हासिल की 4-0 से बढ़त

भारत ने इस जीत के साथ मौजूदा सीरीज में 4-0 से बढ़त हासिल कर ली है। यह श्रीलंका का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने दांबुला में मलयेशिया के खिलाफ चार विकेट पर 184 रन बनाए थे। इससे पहले भारतीय महिला टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल 217/4 का स्कोर बनाया था।



**श्रीलंका की पारी-** 222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी हुई। हसिनी परेरा और चामरी अटापट्टू के बीच पहले विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी हुई, जिसे अरुंधति रेड्डी ने तोड़ा। उन्होंने परेरा को अपना शिकार बनाया। वह 33 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद अटापट्टू 52 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज विकेट पर टिकने के लिए संघर्ष करते दिखे। इमेशा दुलानी ने 29, हर्षिता समरविक्रमा ने 20, कविषा दिलहारी ने 13, रष्मिका सेवंडी ने पांच रन बनाए। वहीं, निलक्षिका सिल्वा और कौशिनी ने क्रमशः 23 और पांच रन बनाए।

**भारत की पारी-** इससे पहले, स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की तूफानी शतकीय साझेदारी के दम पर भारत ने श्रीलंका के सामने 222 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। भारत के लिए मंधाना और शेफाली ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। शेफाली 79 रन बनाकर पवेलियन लौटीं जबकि मंधाना 80 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा ऋचा घोष 40 और कप्तान हरमनप्रीत कौर 16 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारतीय महिला टीम ने चौथे टी20 मुकाबले में 20 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाए हैं। यह भारतीय महिला टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल 217/4 का स्कोर बनाया था।

सिनेमा

## 'मुन्ना भाई' के 'सर्किट' का रोल नहीं करना चाहते थे अरशद वारसी, लगा बर्बाद हो जाएगा करियर, फिर...



एक्टर अरशद वारसी ने यूं तो हिंदी फिल्मों में कई सारे आइकॉनिक रोल्स निभाए हैं. लेकिन उनमें से जिसकी चर्चा आज भी सबसे ज्यादा होती है, वो 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का सर्किट है. ये रोल लोगों का फेवरेट कई कारणों से है. सर्किट बनकर अरशद ने दर्शकों को खूब हंसाया. लेकिन क्या होता अगर इस रोल में वो नहीं, कोई और एक्टर होता. हाल ही में अरशद वारसी ने बताया है कि वो 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' फिल्म नहीं करना चाहते थे. उन्हें उनका रोल बिल्कुल पसंद नहीं आया था. बल्कि वो इस फिल्म को करने से इनकार भी कर चुके थे. लेकिन उनकी किस्मत में ये फिल्म करनी लिखी थी, इसलिए वो ये रोल कर पाए. द लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में अरशद ने कहा, 'मैंने मुन्नाभाई एमबीबीएस इसलिए की थी क्योंकि राजू (राजकुमार हिरानी) बहुत अच्छे इंसान हैं. मैं तो फिल्म के लिए ना कहने वाला था. मैं तब एक टैरोट रीडर से मिला. उन्होंने मुझसे पूछा कि कहां जा रहे हो? तो मैंने बताया कि मैं एक फिल्म के लिए ना बोलने जा रहा हूं. तो वो पूछने लगीं कि कौन है फिल्म में? मैंने बताया संजय दत्त, तब्बू हैं और नया डायरेक्टर राजकुमार हिरानी फिल्म बना रहा है.' अरशद ने आगे बताया कि टैरोट रीडर ने उन्हें फिल्म के लिए हां बोलने की सलाह दी. उन्होंने एक्टर को विश्वास दिलाया कि फिल्म बहुत बड़ी सक्सेस बनेगी और ये उनका करियर भी बदलेगी. टैरोट रीडर ने उन्हें ये भी कहा कि फिल्म की हीरोइन भी बदली जाएगी. हालांकि अरशद को इन बातों पर उतना विश्वास नहीं हुआ.

Highlights

1. Tulsi Pujan Diwas never observed on Dec 25 before 2014: Tharoor
2. Man takes wife's 1st husband's side in Mumbai court, she loses 17-yr-old domestic violence case
3. Video shows assault on Chhattisgarh SHO as protest turns violent
4. Bangladesh calls attacks on Hindus 'isolated incidents' after India flags concerns
5. Indian passport to carry value once GDP per capita improves: Vembu

# Silver topples Nvidia to become world's second most valuable asset after gold

**NEW DEIHI, (Agency).** Silver briefly eclipsed Nvidia Corp. to become the world's second-most valuable asset on Monday, a historic reshuffling that signals a deepening rotation from technology stocks into tangible commodities.

The white metal's total above-ground valuation climbed to $4.65 trillion in early trading after prices surged past $80 per ounce for the first time. That compared with Nvidia's market capitalisation of $4.60 trillion, according to Bloomberg data.

However, there was an immediate retreat as investors booked profits. Spot silver rose as much as 6% to a high of $84.01 an ounce before crashing. It was trading down 1% at $78.50 as of 10:30 am in Singapore.

Still, the crossover—silver > Nvidia—marks the first time in the modern digital era that an industrial commodity has overtaken the world's premier technology company, trailing



only gold in global asset rankings.

Silver's acceleration—the metal is still on track for an annual gain of more than 160%, its best performance since 1979—caps a year-long rally for precious metals. The gains have been driven by elevated central-bank purchases, inflows to exchange-traded funds and three successive rate cuts by US Federal Reserve. Lower borrowing costs are a tailwind for the commodities, which don't pay interest, and traders are betting on more rate cuts in 2026.

"Make no mistake: we are witnessing a generational bubble playing out in silver," Tony Sycamore, a market analyst at IG Australia, told Bloomberg News. "With new mines taking up to 10 years to develop and capital being drawn into the precious metals bubble like a moth to a flame, it is impossible to say when the air might come out."

The Physical Squeeze

The driver of the move is twofold: a chronic deficit in physical supply and a resurgence in monetary demand. Unlike gold, which is primarily held as an investment, roughly 50% of annual silver supply is consumed by industrial applications.

# Indian railway stocks surge as fare hikes, pre-budget optimism trim 2025 losses

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian railway stocks have staged a sharp recovery in December 2025 to trim annual losses, as a confluence of positive triggers brings investors back to the sector.

On Friday, shares of Indian Railway Finance Corp. Ltd. (IRFC), Rail Vikas Nigam Ltd. (RVNL), Railtel Corp. of India Ltd., and IRCTC Ltd. rose 3%-12% even as the benchmark Sensex ended the day 0.43%, underscoring the rally in railway stocks the final weeks of the year, driven by a ticket price hike, pre-budget optimism, and strategic corporate developments.

**Price Hikes = Revenue-** A primary catalyst for the surge in railway stocks is Indian Railways' decision to implement a revised fare structure effective 26 December 2025. According to Livemint, the new policy hikes fares by 1 paisa per km for sleeper and first-class journeys beyond 215 km. For Mail and Express trains (including AC classes), fares have been raised by 2 paise per km. While the hike is modest for individual passengers—adding roughly ₹10 to a 500 km non-AC journey—the cumulative impact is significant. The Ministry of Railways expects this move to generate ₹600 crore in additional revenue in the ongoing fiscal. This is the second ticket price hike of FY26, following a similar move in July, signaling the government's intent to improve the operating ratio of the national transporter.

Union Budget 2026: Capex story to continue?

Investors are also positioning themselves ahead of Union Budget 2026. The railways sector, a key beneficiary of the government's capital expenditure push, is expected to see its allocation rise by 10-12% to nearly ₹3 lakh crore. According to Motilal Oswal, the market anticipates continued funding for major modernisation projects, including the rollout of 300-400 Vande Bharat sleeper trains and the expansion of the 'Kavach' safety system. This expectation has fueled a "relief rally" in capex-heavy stocks like RVNL and IRFC, which had corrected sharply earlier in the year.

# भाजपा नेता को थप्पड़ मारने वाली एसडीएम ने रुकवाई ई-रिक्शा, 20-22 स्कूली बच्चे बैठे मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भाजपा नेता को थप्पड़ मारने की घटना के बाद चर्चा में आईं एसडीएम प्रिया वर्मा का एक बार दबंग अंदाज देखने को मिला। शनिवार को वे अपनी सरकारी गाड़ी से कलेक्टर कार्यालय जा रही थीं, तभी उनकी नजर आगे चल रही एक ई-रिक्शा पर पड़ी। ई-रिक्शा में क्षमता से कहीं ज्यादा बच्चे ठूंस-ठूंसकर बैठे हुए थे।

एसडीएम प्रिया वर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कलेक्टर कार्यालय के सामने ही ई-रिक्शा को रुकवाया और उसकी जांच करवाई। जांच में सामने आया कि ई-रिक्शा में करीब 20 से 22 बच्चे सवार थे, जबकि उसकी क्षमता सिर्फ 7 से 8 बच्चों की थी। ई-रिक्शा के पीछे और डिक्की वाले हिस्से में भी बच्चों को बैठाया गया था। एसडीएम




प्रिया वर्मा ने बताया कि पूछताछ में ई-रिक्शा चालक ने कहा कि वह बच्चों को क्रिकेट खेलने के लिए स्कूल की ओर ले जा रहा था। बच्चों को नूरानी एकेडमी नामक स्कूल से संबंधित बताया गया। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय के बाहर ही सभी बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा गया और उन्हें उनकी क्रिकेट एकेडमी भेजा गया। कार्रवाई के दौरान ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए एसडीएम प्रिया वर्मा ने अपनी गाड़ी से उन्हें एकेडमी तक भिजवाया, ताकि वे सुरक्षित पहुंच सकें। साथ ही स्कूल संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा गया है। एसडीएम प्रिया वर्मा ने कहा कि इंदौर में पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं और भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति न हो, इसलिए इस तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक